AIR INDIA express

AIR INDIA
STAR ALLIANCE

# एअर इंडिया महाराजा क्लब के सदस्य अब एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ानों पर महाराजा पॉइंट्स अर्न और रिडीम कर सकते हैं

गुरुग्राम, 25 मई 2026: एअर इंडिया ने आज अपने महाराजा क्लब लॉयल्टी प्रोग्राम में बड़े विस्तार की घोषणा की है। इसके तहत, क्लब के सदस्य अब एअर इंडिया की सेवाओं के अलावा, एयअ इंडिया एक्सप्रेस द्वारा संचालित उड़ानों पर भी महाराजा पॉइंट्स अर्न और रिडीम कर सकेंगे। ये उड़ानें दक्षिण, दक्षिण–पूर्व और पश्चिम एशिया के 55 से अधिक गंतव्यों के लिए संचालित होती हैं।

लम्बे इंतजार के बाद किया गया यह सुधार, फ्रिक्वेंट फ्लायर्स के लिए महाराजा पॉइंट्स को और भी अधिक प्रासंगिक बनाने पर एअर इंडिया ग्रुप के फोकस को दर्शाता है; इससे सदस्य एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस, दोनों के विशाल नेटवर्क में यात्राओं के दौरान अधिक फायदे पा सकेंगे।

महाराजा क्लब के सदस्य, एअर इंडिया एवं एअर इंडिया एक्सप्रेस की वेबसाइट और मोबाइल ऐप सहित कई चैनलों या मुख्य ट्रैवल एजेंट्स के ज़रिए उड़ानों की बुकिंग करने पर तुरंत महाराजा पॉइन्ट्स और टियर पॉइन्ट्स अर्न करना शुरू कर सकते हैं।

एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ानें भी महाराजा क्लब के सदस्यों के लिए टियर प्रोग्रेशन में योगदान देंगी; जहां एलिजिबल उड़ानों की गिनती उड़ान की न्यूनतम ज़रूरतों और टियर पॉइन्ट्स जमा करने के आधार पर होगी, इस तरह सदस्य तेज़ी से प्रोग्राम के ऊंचे टियर तक पहुंच सकेंगे।

इस अवसर पर निपुण अग्रवाल, चीफ़ कमर्शियल ऑफ़िसर, एअर इंडिया और चेयरमैन, एअर इंडिया एक्सप्रेस, ने कहा: "हमारा महाराजा क्लब को इस तरह से विस्तारित करने पर ध्यान दे रहे हैं जिससे हमारे मेहमान विभिन्न स्थानों पर यात्रा का बेहतर अनुभव पा सकें और एअर इंडिया ग्रुप के साथ उनके रिश्ते और मजबूत हो सकें। एअर इंडिया एक्सप्रेस नेटवर्क के बढ़ते दायरे को देखते हुए, इन उड़ानों पर पॉइंट्स अर्न करने और उन्हें रिडीम करने की सुविधा शुरू करना, सही समय पर उठाया गया कदम है। जो हमारे फ्रिक्वेंट फ्लायर्स की उम्मीदों पर खरा उतरेगा। यह समय के साथ महाराजा पॉइंट्स को एक कीमती करेंसी के तौर पर विकसित करने के हमारे लक्ष्य को भी दर्शाता है।"

## एअर इंडिया एक्सप्रेस फ़्लाइट्स पर महाराजा पॉइंट्स अर्न करना

महाराजा क्लब के सदस्य बुकिंग के समय अपनी महाराजा क्लब आईडी डालकर, एअर इंडिया एक्सप्रेस की सभी उड़ानों पर महाराजा पॉइंट्स अर्न कर सकते हैं। इस रोलआउट के मौजूदा चरण में, एअर इंडिया एक्सप्रेस की पिछली यात्राओं के लिए के लिए महाराजा पॉइंट्स क्लेम नहीं किए जा सकते।

सदस्य बुकिंग के दौरान एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस के प्लेटफ़ॉर्म पर, तथा कुछ चुनिंदा ऑनलाइन ट्रैवल पार्टनर्स के ज़रिए भी अपनी महाराजा क्लब आईडी जोड़ सकते हैं।

इस सुविधा के मौजूदा चरण में, एयरपोर्ट काउंटर या कॉन्टैक्ट सेंटर पर महाराजा क्लब आईडी जोड़ने या उसमें बदलाव करने की सुविधा उपलब्ध नहीं है।

महाराजा पॉइंट्स जमा करने का यह नियम, बुकिंग की एक विस्तृत रेंज पर लागू होता है; जिसमें वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों और सशस्त्र बलों के जवानों के लिए स्पेशल फेयर वाली बुकिंग भी शामिल है। रिवॉर्ड पॉइंट्स की गिनती मूल फेयर और फ़्यूल सरचार्ज के आधार पर की जाएगी, और पॉइंट्स जमा करने की दरें एअर इंडिया के अनुरूप ही होंगी। इससे पॉइंट्स अर्न करने की प्रक्रिया एक समान और समझने में आसान रहेगी।

| MAHARAJA POINTS EARN STRUCTURE FOR AIR INDIA EXPRESS FLIGHTS (PER INR 100 SPENT) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **Bookings made via** | **Red** | **Silver** | **Gold** | **Platinum** |
| Air India Express website and mobile app | 8 | 10 | 11 | 12 |
| Other channels including Traditional and Online Travel Agents (OTAs) | 6 | 8 | 9 | 10 |

एअर इंडिया एक्सप्रेस की अवार्ड फ़्लाइट्स के लिए महाराजा पॉइंट्स रिडीम करना

एअर इंडिया एक्सप्रेस की अवार्ड फ़्लाइट्स के लिए महाराजा पॉइंट्स रिडीम करने की सुविधा अभी उन सदस्यों के लिए उपलब्ध है, जो एअर इंडिया की वेबसाइट और मोबाइल ऐप के ज़रिए ऐसी कोडशेयर फ़्लाइट्स बुक करते हैं जिन पर एअर इंडिया का 'एआई' डिज़ाइनर कोड होता है, लेकिन जिनका संचालन एअर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा किया जाता है।

उदाहरण के लिए, मान लीजिए महाराजा क्लब का कोई सदस्य दिल्ली से गुवाहाटी जाने के लिए एअर इंडिया की वेबसाइट या मोबाइल ऐप पर उड़ानों के विकल्प खोजता है। सदस्य को इस रूट के लिए फ्लाइट सलेक्शन पेज पर 'एआई' फ़्लाइट नंबर वाली उड़ानों के कई विकल्प मिलेंगे, लेकिन उनमें से कुछ उड़ानों का संचालन एअर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा किया जा रहा है। ऐसा दोनों एयरलाइनों के बीच हुए कोडशेयर समझौते के तहत होता है। सदस्य, एअर इंडिया द्वारा संचालित दूसरी उड़ानों के साथ–साथ इन उड़ानों के लिए भी अपने 'महाराजा पॉइंट्स' इस्तेमाल कर सकता है।

एअर इंडिया एक्सप्रेस की अवॉर्ड फ्लाइट्स के लिए रिडेम्पशन 1,500 महाराजा पॉइन्ट्स से शुरू होते हैं, जैसा कि नीचे दी गई सैंपल रिडेम्पशन प्राइसिंग टेबल में दिखाया गया है (इसमें केवल कुछ सेक्टरों की जानकारी दी गई है):

| | Starting Redemption Price Economy Super Value Fare (in Maharaja Points) |
|---|---|
| Bengaluru-Chennai | 1,500 |
| Dimapur-Guwahati | 1,500 |
| Bengaluru- Kozhikode | 2,000 |

| | |
|---|---|
| Bengaluru-Goa | 2,500 |
| Mumbai-Goa | 2,500 |
| Bengaluru-Mumbai | 4,000 |
| Ahmedabad-Kolkata | 4,500 |
| Delhi-Bengaluru | 7,000 |
| Amritsar-Dubai | 12,000 |
| Mumbai-Abu Dhabi | 12,000 |
| Kochi-Bahrain | 12,000 |
| Bengaluru-Bangkok | 12,000 |

इंटीग्रेशन के बाद के चरणों में, एअर इंडिया एक्सप्रेस से यात्रा करने वाले महाराजा क्लब के सदस्यों को कई तरह के फायदे मिलेंगे, जैसे प्रायोरिटी चैक–इन, प्रायोरिटी बोर्डिंग, फ्लाय प्रायर, सीट सलेक्शन तथा एलिजिबल उड़ानों और सेवाओं पर कैंसिलेशन और रीशेड्यूलिंग शुल्क में छूट के ज़रिए प्रत्यास्थता।

**About Air India Group**

The Air India Group – comprising full-service global airline, Air India, and value carrier, Air India Express – is spearheading a new era of Indian aviation. The Air India story began in 1932 when JRD Tata piloted the airline's inaugural flight and opened the skies for aviation in India. Today, Air India Group employs more than 30,000 people, operates over 300 aircraft and carries travellers to 60 domestic and 51 international destinations across five continents.

Returning to Tata Sons in 2022 following 70 years under Government ownership, Air India Group is in the midst of a five-year transformation programme, Vihaan.AI. As part of the transformation, Air India has placed orders for 600 new aircraft. In addition to taking new aircraft deliveries, Air India is progressively retrofitting all its legacy aircraft.

The Air India Group operates South Asia's largest aviation training academy in Gurugram, India. The construction of a new flying school and a greenfield maintenance base is in progress.

With transformation underway across all facets of the business and India's rich legacy of hospitality, Air India is committed to being a world class global airline with an Indian heart.

For more news on Air India, visit http://www.airindia.com/newsroom

**About Air India Express**

Air India Express is A Tata Enterprise, operating over 500 daily flights that connect 43 domestic and 16 international destinations across South, Southeast and West Asia. The airline has a fleet of over 100 Boeing 737s and Airbus A320 aeroplanes. As India's most vibrant and inclusive airline, Air India Express embodies the spirit and confidence of India - warm, expressive, and proudly authentic. Encouraging travellers to 'Xplore More, Xpress More', the airline transforms flying into an experience that is personal and memorable.

With thoughtfully curated touches - from 'Gourmair' hot meals, comfortable seats, and refreshed interiors to exclusive loyalty benefits for over 20 million members, Air India Express blends smart technology with heartfelt Indian hospitality.

**PRESS CONTACTS**

**Air India**
Ronit Baugh
ronit.baugh@airindia.com

**Air India Express**
PG Prageesh / Harikrishnan / Akshit /Maanvi
mediarelations@airindiaexpress.com

**Adfactors PR**
For Air India:
Anuj Bakshi / Apoorva Bansal
airindia@adfactorspr.com
For Air India Express:

Vinay Dubey
airindiaexpress@adfactorspr.com